**Terms of Reference**
**Senior Consultant (NIE, BoP)**

The National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi, on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare, is inviting applications from qualified candidates for Senior Consultant positions, purely on a contractual basis.

The Senior Consultant will be based at the Bureau of Planning (BoP) Division of the Department of Health and Family Welfare and will work directly under the supervision of the Director/Dy. Director, BoP division.

BoP division handles a broad mix of planning, coordination, and monitoring functions for the Department of Health & Family Welfare, with key work around National Health Accounts estimates, the Central Council of Health and Family Welfare, DAPSC/DAPST coordination, and the Output-Outcome Monitoring Framework. It also supports policy and budget-related tracking, including Economic Survey inputs, gender budgeting, Finance Commission matters, and follow-up on budget announcements. BoP division acts as a nodal point for inter-departmental and external coordination with NITI Aayog, Cabinet Secretariat, WHO, MoSPI, and other agencies through portals such as eSamiksha, IPMP, HLC- Sameeksha, and PRAGATI etc. It also manages special assignments like the PM Surya Ghar Muft Bijli Yojna, Manthan Shivir action points, and Department related Parliamentary Standing committee references, making the division a central coordination and monitoring unit within the Ministry.

The National Infrastructure Enablement Index (NIE-I) is an initiative undertaken by the Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) in collaboration with the Department of Economic Affairs to assess the preparedness and institutional capacity of States/UTs and infrastructure-related Central Ministries/Departments for infrastructure development in India. It evaluates the enabling ecosystem for planning, financing, implementation, and governance. The initiative uses a technology-enabled portal for digitized data submission, automated computation, monitoring, and analytics. It helps identify infrastructure gaps, priority areas, institutional strengths, and implementation challenges. NIE-I is an annual benchmarking exercise with both quantitative and qualitative indicators. It promotes competitive and cooperative federalism through cross-learning and informed policy action.

BoP division's role is mainly that of a nodal coordination and monitoring division within the Ministry and furnishing required information to Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI). In this assignment, BoP would coordinate with the concerned divisions of the Department and other stakeholders for timely data collection, validation, and portal submission; compile and consolidate the Department's inputs; follow up on action points, observations, and clarifications; and ensure that the Ministry's assessment under NIE-I is complete, accurate, and submitted to MoSPI within timelines. BoP may also facilitate internal coordination on institutional, policy, financing, implementation, and monitoring parameters so that the Department's performance is properly reflected in the index.

**Roles & Responsibilities of the position**

- Coordinate with all concerned programme divisions of MoHFW for collection of NIE-I data and supporting documents.
- Review, compile, and validate data received from divisions before portal submission, ensuring consistency, completeness, and timeliness.
- Maintain the NIE-I dashboard/portal work, including digitized upload, tracking of queries, and follow-up on pending fields or clarifications.
- Prepare notes, briefs, status reports, and summary submissions for higher officers on NIE-I progress and for other project related works.
- Analyse indicators and identify gaps, strengths, and action points for improving the Department's performance under the index.
- Liaise with the Ministry of Statistics and Programme Implementation, Department of Economic Affairs, and any other associated stakeholders as required for any project related work of the division.
- Support meetings, consultations, and review sessions, and prepare minutes and action-taken reports.
- Assist in maintaining a record of submitted data, source documents, and correspondence for audit and future reference.
- Provide support to the BoP Division in other assigned activities involving portal updation, monitoring, and data management.
- Perform any other task assigned by Senior Officers requiring coordinating, monitoring, and reporting with Ministry of Statistics & Programme Implementation (MoSPI), Department of Economic Affairs etc.

**Essential Qualification and Experience**:

- Master's degree in Public Health / Hospital Administration/ Economics / Statistics / Mathematics / Demographic / Public Policy or a related discipline.
- Experience in coordination, data analysis, project monitoring, or health sector work, preferably 5 - 8 Years.
- Strong computer skills and comfort with Excel, dashboards, portals, and data compilation.
- Good drafting skills for notes, report writing, powerpoint presentation, and briefing material.

**Age Limit:** Upper limit 50 years as on the last date for submission of application.

**Remuneration Range:** Between Rs. 90,000/- to Rs. 1,50,000/-*
**Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.*

**Other Benefits:** Entitlement as per rules by NHSRC.

**Duration of Contract:** Initial Contract for 1 year (with further extension subject to satisfactory performance).

**How to Apply:**

Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (https://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **11 August 2026.**

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, If the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

## निबंधन और शर्तें

## वरिष्ठ परामर्शदाता (राष्ट्रीय अवसंरचना सक्षमता सूचकांक, बीओपी)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूर्णतया संविदा के आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

वरिष्ठ परामर्शदाता की तैनाती स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के आयोजना ब्यूरो (बीओपी) प्रभाग में होगी और वह प्रत्यक्ष रूप से निदेशक/उप निदेशक, बीओपी प्रभाग की देखरेख में काम करेगा।

बीओपी प्रभाग स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के लिए योजना, समन्वय और निगरानी संबंधी अनेक महत्वपूर्ण कार्य करता है, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमानों को तैयार करना, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के कार्य, डीएपीएससी/डीएपीएसटी समन्वय और आउटपुट-आउटकम निगरानी तंत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। यह प्रभाग आर्थिक सर्वेक्षण इनपुट, महिला कल्याणकारी बजट, वित्त आयोग संबंधी मामलों और बजट घोषणाओं पर अनुवर्ती कार्रवाई सहित नीति और बजट से संबंधित ट्रैकिंग में भी सहायता करता है। बीओपी प्रभाग ई-समीक्षा, आईपीएमपी, एचएलसी-समीक्षा और प्रगति आदि जैसे पोर्टलों के माध्यम से नीति आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, डब्ल्यूएचओ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और अन्य एजेंसियों के साथ अंतर-विभागीय और बाहरी समन्वय करने के लिए एक नोडल बिंदु के रूप में कार्य करता है। यह पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मंथन शिविर कार्य बिंदुओं और विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के संदर्भों जैसे विशेष कार्यों का भी प्रबंधन करता है, जिससे प्रभाग मंत्रालय के भीतर एक केंद्रीय समन्वय और निगरानी इकाई बन जाता है।

राष्ट्रीय अवसंरचना सक्षमता सूचकांक (एनआईईई-आई) आर्थिक कार्य विभाग के सहयोग से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा शुरु की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य भारत में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे से संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की तैयारियों और संस्थागत क्षमता का आकलन करना है। यह योजना, वित्तपोषण, कार्यान्वयन और अभिशासन के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन करता है। इस पहल के तहत डिजिटिकृत डाटा के जमा करने, स्वचालित गणना, निगरानी और विश्लेषण करने के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम पोर्टल का उपयोग करती है। यह अवसंरचना की कमियों, प्राथमिक क्षेत्रों, संस्थागत सामर्थ्य और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों की पहचान करने में मदद करता है। एनआईईई-आई एक वार्षिक बेंचमार्किंग प्रक्रिया है जिसमें मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों प्रकार के संकेतक शामिल हैं। यह  परस्पर अधिगम (क्रॉस-लर्निंग) और जानकारी आधारित नीतिगत कार्रवाई के माध्यम से प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देता है।

योजना ब्यूरो (बीओपी) प्रभाग की भूमिका मुख्य रूप से मंत्रालय के भीतर एक नोडल समन्वय और निगरानी प्रभाग की है जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) को आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। इस कार्य में, बीओपी समय पर डाटा संग्रहण, सत्यापन और पोर्टल में डालने के लिए विभाग के संबंधित प्रभागों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करेगा; विभाग के इनपुट को संकलित और समेकित करेगा; कार्रवाई बिंदुओं, टिप्पणियों और स्पष्टीकरणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि एनआईईई-आई के तहत मंत्रालय का मूल्यांकन पूर्ण, सटीक और समयसीमा के भीतर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को प्रस्तुत कर दिया जाए। बीओपी संस्थागत, नीति, वित्तपोषण, कार्यान्वयन और निगरानी मापदंडों पर आंतरिक समन्वय को भी सुगम बना सकता है ताकि सूचकांक में विभाग के प्रदर्शन को सही ढंग से दर्शाया जा सके।

**पद की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां**

- एनआईईई-आई डाटा और सहायक दस्तावेजों के संग्रह के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी संबंधित कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- प्रभागों से प्राप्त डाटा को पोर्टल में डालने से पहले उसकी समीक्षा, संकलन और सत्यापन करना, जिससे निरंतरता, पूर्णता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।
- डिजिटाइज्ड अपलोड, प्रश्नों की ट्रैकिंग और लंबित क्षेत्रों या स्पष्टीकरण पर अनुवर्ती कार्रवाई सहित एनआईईई-आई डैशबोर्ड/पोर्टल कार्य का रखरखाव।
- एनआईईई-आई की प्रगति और अन्य परियोजना संबंधी कार्यों के लिए उच्च अधिकारियों के लिए नोट्स, ब्रीफ, स्थिति रिपोर्ट तैयार करना और सारांश प्रस्तुत करना।
- संकेतकों का विश्लेषण करना और सूचकांक के तहत विभाग के प्रदर्शन में सुधार के लिए कमियों, मजबूत पक्षों और कार्य बिंदुओं की पहचान करना।
- प्रभाग की किसी भी परियोजना से संबंधित कार्य के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग और आवश्यकतानुसार किसी भी अन्य संबद्ध हितधारकों के साथ संपर्क करना।
- बैठकों, परामर्शों और समीक्षा सत्रों में सहायता करना, और कार्यवृत्त और कार्रवाई रिपोर्ट तैयार करना।
- लेखा-परीक्षा और भविष्य के संदर्भ के लिए प्रस्तुत डाटा, स्रोत दस्तावेजों और पत्राचार का रिकॉर्ड रखने में सहायता करना।
- पोर्टल अपडेशन, निगरानी और डाटा प्रबंधन से जुड़ी अन्य आवंटित गतिविधियों में बीओपी प्रभाग

की सहायता करना।

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), आर्थिक कार्य विभाग आदि के साथ समन्वय, निगरानी और रिपोर्टिंग सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए किसी भी अन्य कार्य को करना।

**आवश्यक अर्हता और अनुभव:**

- लोक स्वास्थ्य/अस्पताल प्रबंधन/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/गणित/जनसांख्यिकी/लोक नीति या संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।
- समन्वय, डाटा विश्लेषण, परियोजना निगरानी या स्वास्थ्य क्षेत्र के काम में अनुभव, अधिमानतः 5 - 8 वर्ष।
- सक्षम कंप्यूटर कौशल और एक्सेल, डैशबोर्ड, पोर्टल और डेटा संकलन के कार्य का ज्ञान।
- नोटों, रिपोर्ट लेखन, पावरपॉइंट प्रस्तुति और ब्रीफिंग सामग्री के लिए अच्छा प्रारूपण कौशल।

**आयु सीमा:** आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक अधिकतम सीमा 50 वर्ष।

**पारिश्रमिक रेंज:** रु. 90,000/- से रु. 1,50,000/- के बीच
**बैंड के भीतर प्रस्तावित पारिश्रमिक योग्यता और अनुभव के अनुरूप होगा।*

**अन्य लाभ:** एनएचएसआरसी के नियमों के अनुसार पात्रता.

**संविदा की अवधि:** 1 वर्ष के लिए प्रारंभिक संविदा (संतोषजनक प्रदर्शन के अध्यधीन आगे विस्तार किया जा सकता है)।

**आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (https://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **11 अगस्त 2026** है।

**लिखित परीक्षा की शर्त:**

अगर भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा शामिल है, तो कम से कम 70% अंक पाना ज़रूरी होगा। हालाँकि, अगर क्वालिफ़ाई करने वाले उम्मीदवारों की संख्या ज़्यादा होती है, तो 1 वैकेंसी के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा, यानी टॉप 5 उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। अगर 2 या उससे ज़्यादा उम्मीदवार एक जैसे अंकों के साथ क्वालिफ़ाई करते हैं, तो उन सभी उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा।